Seat No. : _______________

# NE-137

**November-2018**

**M.A., Sem.-III**

**502 : Hindi**

**Paper XIII (काव्य शास्त्र)**

**Time : 2:30 Hours]** **[Max. Marks : 70**

1. (A) आचार्य भरत के रससूत्र के आधार पर रस के विविध अवयवों की सोदाहरण चर्चा कीजिए । **14**

**अथवा**

भारतीय काव्यशास्त्र में रस की अवधारणा स्पष्ट करते हुए शृंगार रस को सोदाहरण समझाइए ।

(B) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर योग्य विकल्प चुनकर या **एक/दो** वाक्य में लिखिए । **4**

(1) आचार्य शंकुक ने भरत के रससूत्र में प्रयुक्त 'संयोग' का अर्थ क्या माना है ?
(a) भाव-भावक संबंध (b) अनुमान
(c) समन्वय (d) व्यंग-व्यंजक भाव

(2) करुण रस का स्थायी भाव है :
(a) शोक (b) क्रोध
(c) उत्साह (d) भय

(3) किस ग्रंथ में "रसौ वै सः" कहा गया है ?
(a) ध्वन्यालोक में (b) नाट्यशास्त्र में
(c) काव्यादर्श में (d) तैत्तिरीय उपनिषद में

(4) आचार्य भरत के रससूत्र के प्रथम व्याख्याता कौन हैं ?

(5) भरत के रससूत्र की व्याख्या करते हुए किस आचार्य ने 'चित्र-तुरंग न्याय' का उदाहरण दिया है ?

(6) अभिनवगुप्त के अनुसार 'निष्पत्तिः' का अर्थ क्या है ?

2. (A) साहित्य-सृजन की प्रक्रिया समझाते हुए सहृदय की अवधारणा स्पष्ट कीजिए । **14**

**अथवा**

पाश्चात्य काव्यशास्त्र में ट्रेजेडी (त्रासदी) का महत्व समझाते हुए उसके प्रमुख तत्वों की चर्चा कीजिए ।

(B) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर योग्य विकल्प चुनकर या **एक/दो** वाक्य में लिखिए : **4**

(1) बूचर के अनुसार विरेचन का कलापरक अर्थ किससे संबद्ध है ?
(a) गौरव (डिग्निटी) और आत्मविस्तार की अनुभूति
(b) रेचक औषधियों-विधियों का प्रयोग
(c) मनोविकारों का उत्तेजन और उसके बाद शमन
(d) परंपरागत डायोनाइसस उत्सव

(2) साधारणीकरण की प्रथम चर्चा किस आचार्य ने की है ?
(a) आचार्य लोल्लट (b) भट्ट नायक
(c) आचार्य भरत (d) अभिनवगुप्त

(3) ‘साधारणीकरण आलम्बनत्व धर्म का होता है’ – यह कथन किसका है ?

(a) डॉ. नगेन्द्र (b) आचार्य केशवप्रसाद मिश्र

(c) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (d) आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी

(4) वैज्ञानिक प्रतिभा और कलाकार की प्रतिभा में अन्तर किसने माना है ?

(5) अंग्रेजी साहित्य में स्वच्छन्दतावाद का घोषणा-पत्र किस कृति को माना गया है ?

(6) “गुरु के अध्यापन से मंदबुद्धि भी शास्त्रों का ज्ञान प्राप्त कर सकता है, किन्तु काव्य रचना के लिए प्रतिभा का होना अनिवार्य है ।” – यह कथन किस आचार्य का है ?

3. (A) काव्य-बिंब का महत्व संक्षेप में लिखते हुए उसके प्रमुख प्रकारों की सोदाहरण चर्चा कीजिए । **14**

**अथवा**

शब्द-शक्ति की परिभाषा देते हुए व्यंजना शब्द-शक्ति की भेदोपभेद चर्चा कीजिए ।

(B) निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर योग्य विकल्प चुनकर या **एक**/**दो** वाक्य में लिखिए : **3**

(1) गुणों का विवेचन करने वाले सर्वप्रमुख आचार्य कौन हैं ?

(a) आचार्य मम्मट (b) आचार्य वामन

(c) आचार्य कुन्तक (d) आचार्य भामह

(2) निम्नलिखित आचार्यों में से कौन अलंकारवादी नहीं है ?

(a) आचार्य भामह (b) आचार्य रूद्रट

(c) आचार्य दण्डी (d) आचार्य अभिनवगुप्त

(3) ‘झूम झूम मृदु गरज-गरज-घनघोर’ – इस पंक्ति में कौन सा बिम्ब उभरता है ?

(a) चाक्षुष (b) स्पृश्य

(c) श्रव्य (d) इसमें से कोई नहीं

(4) प्रयोजनवती लक्षणा के प्रमुख दो भेद कौन से हैं ?

(5) सामान्यतः अलंकारों को प्रमुख किन वर्गों में विभाजित किया गया है ?

4. (A) काव्य-भाषा संबंधी वर्ड्सवर्थ के विचारों को समझाइए । **14**

**अथवा**

वक्रोक्ति के मुख्य भेदों की सोदाहरण चर्चा कीजिए ।

(B) निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर योग्य विकल्प चुनकर या **एक**/**दो** वाक्य में लिखिए : **3**

(1) “मैं सुकुमारि नाथ बन जोगू । तुमहिं उचित तप मोकहँ भोगू” – में कौन सा अलंकार है ?

(a) व्याजस्तुति (b) प्रतीप

(c) काकुवक्रोक्ति (d) श्लेष वक्रोक्ति

(2) “अभिजात कवि भाषा की संभावनाओं को निःशेष कर देता है” – यह कथन किसका है ?

(a) वर्ड्सवर्थ (b) क्रोचे

(c) कॉलरिज (d) टी.एस. इलियट

(3) राजशेखर ने प्रतिभा के कौन से दो भेद बताये हैं ?

(4) निर्वैयक्तिकतावाद सिद्धांत के प्रतिपादक कौन हैं ?

(5) ‘काव्यमीमांसा’ के रचयिता कौन हैं ?

---